# MS-PAINT

**MS Paint** क्या है – **MS Paint** एक साधारण ग्राफिक्स/ड्रॉविंग एडिटर है जो **MS Windows** के हर संस्करण में सम्मिलित होता है. **MS Paint** यूजर्स को साधारण **Drawing/Painting** करने की सुविधा देता है तथा कुछ फोटो एडिटिंग भी **MS Paint** में कि जा सकती है. इसे पेंट टूल भी कहते है.

पेंट टूल सभी विंडॉज पीसी में मुफ्त मुहैया कराया जाता है. इस टूल को विंडॉज एक्सेसरीज में शामिल किया गया है. जिसे आसानी से कोई भी विंडॉज यूजर इस्तेमल कर सकता है.

यह टूल यूजर्स को ग्राफिक्स तथा पैंटिंग करने के लिए शेप्स, ब्रश, कलर टूल, क्रॉप टूल, सेलेक्ट टूल जैसे विभिन्न ग्राफिक्स टूल उपलब्ध करवाता है.

इस टूल के द्वारा बनाई गई ड्रॉविंग्स को आप **.JPG, .PNG, .GIF** तथा **.BMP** फॉर्मेट में सेव की जा सकती है. साथ में डिजिटल कैमरा से खींची गई फोटूओं को भी आप इम्पोर्ट करके एडिट कर सकते है

आप भी अपने कम्प्यूटर मे अभी **MS Paint** को ओपन कर इसे देख सकते है. और यदि आपको इसे ओपन करना नही आता है तो कोई बात नही आप

## MS Paint को कैसे Open करे

**PRESS WINDOW + R**

↓


**TYPE MS PAINT / PBRUSH**

↓

**PRESS ENTER**

आपने ध्यान दिया हो तो **MS Paint** की विंडो कई भागों में विभाजित है. आइए हम **MS Paint** विंडो के इन भागो को क्रम से जानते है.

**MS Paint Button** पेंट टूल का एक प्रमुख भाग है. यह बटन में होता है. इस बटन में पेंट में बनने वाली ग्राफिक्स तथा पेंटिंग्स के लिए कई विकल्प दिए **Menu Bar** होते है. इन टूल्स की मदद से **MS Paint** में बनने वाले **Documents** को **Save, Open, Print** आदि कार्य किए जाते है. आप **Paint Button** के बारे में आगे के **Tutorials** में विस्तार से जानेंगे.




## MS Paint Button

MS Paint Button पेंट टूल का एक प्रमुख भाग है. यह बटन Menu Bar में होता है. इस बटन में पेंट में बनने वाली ग्राफिक्स तथा पेंटिंग्स के लिए कई विकल्प दिए होते है. इन टूल्स की मदद से MS Paint में बनने वाले Documents को Save, Open, Print आदि कार्य किए जाते है. आप Paint Button के बारे में आगे के Tutorials में विस्तार से जानेंगे.

## Quick Access Toolbar

Quick Access Toolbar पेंट टूल का एक विशेष भाग है. यह टूलबार Title Bar में होता है. इसे हम शॉर्टकट की तरह उपयोग मे लेते है. इस टूलबार में अधिकतर काम आने वाली कमांड्स को Add कर दिया जाता है और वे इसमे जुड जाती है. Quick Access Toolbar की सहायता से MS Paint में कार्य थोडी स्पीड से हो पाता है.

## Title bar

Title bar माइक्रोसॉफ्ट पेंट विंडो का सबसे ऊपरी भाग है. इस बार पर पेंट टूल मे बनाई गई फाइल के नाम को दिखाया जाता है जब तक फाइल को सेव नही किया जाएगा फाइल का नाम नही दिखाया जाता है और वहां "**Untitled**" लिखा होता है. जैसे ही हम फाइल को किसी नाम से रक्षित (save) करते है तब "Untitled" के स्थान पर फाइल नाम दिखाया जाता है Title Bar के दाएं कोने में तीन बटन होते है. इन तीन बटन में पहला बटन **Minimize** होता है जिस पर क्लिक करने से Open Program Task Bar में आ जाता है. दूसरा बटन **Maximize/Minimize** होता है. यह बटन विंडो की लम्बाई और चौड़ाई को कम या ज्यादा करने का कार्य करता है. और तीसरा **Close** बटन है जो प्रोग्राम को बंद करने का कार्य करता है.

## Ribbon

Ribbon पेंट विंडो का एक और भाग है. यह Title Bar से नीचे होता है. इस लेख मे दिखाई गई MS Paint विंडो में लाल रंग का हिस्सा ही Ribbon है. इस भाग में MS Paint Tabs (जो विकल्प Menu Bar में होते है) के विकल्पों को दिखाया जाता है.

## Scroll bar

Scroll Bar Drawing Area के दो तरफ होती है. एक बार लम्बवत (Vertically) होती है, जो केनवास को ऊपर-नीचे सरकाने के लिए होती है तथा दूसरी बार आडी (Horizontally) होती है, यह केनवास को दाएं-बाएं सरकाने के लिए होती है.

## Status bar

Status Bar Drawing Area के बिल्कुल नीचे होती है. इस बार के नीचे दाएं कोने में "Zoom Level" नामक टूल होता है जिसकी सहायता से केनवास को Zoom In तथा Zoom Out किया जा सकता है और बाएं कोने में Drawing के Pixels को दिखाया जाता है तथा इसके आगे केनवास की चौड़ाई (Width) एवं लम्बाई (Height) को दिखाया जाता है.


## Drawing Area or Canvas

Text Area इसे केनवास भी कहते है MS Paint का सबसे महत्वपूर्ण भाग है. और यह MS Paint विंडो का सबसे बडा तथा मध्य भाग होता है. इसी क्षेत्र मे Drawing या Painting की जाती है.

# Mspaint File Menu

**mspaint** का फाइल **menu** बहुत ही **important menu** है , इसी के द्वारा आप सेव , सेव ऐज **, open** , **print** करने का कार्य करते हैं तो आइये जानते हैं **mspaint** के फाइल **menu** के बारे में

- सबसे पहले आप अपने लैपटॉप या कंप्यूटर में **mspaint** को **open** करे
- अब यहाँ आपको **menu bar** में **file** लिखा हुआ मिलेगा उस पर क्लिक करे , इतना करने से **mspaint** का **file menu open** हो जायेगा
- या इसका **shortcut keys Alt+F** को प्रेस करे , इससे भी आपका **file menu open** हो जायेगा
- **File menu** में कुल **11** कमांड्स होते हैं
- **File menu** के सारे कमांड्स के **shortcut keys** आपको निचे टेबल में मिल जायेगा




## New :----

- इस कमांड की सहायता से आप **mspaint** के अन्दर एक नया पेज ला सकते है

1. सबसे पहले **File menu** में जाये या इसका **shortcut keys ALT+F** को प्रेस करे
2. अब **new** पर क्लिक करे या इसका **shortcut keys Ctrl+N** को प्रेस करे
3. इतना करते ही आपके **mspaint** में एक नया डाक्यूमेंट्स आ जायेगा

## Open :-----

- इस कमांड कि सहायता से आप **mspaint** में पहले से सेव किये हुए डाक्यूमेंट्स को **open** कर सकते हैं

1. सबसे पहले **File menu** में जाये या इसका **shortcut keys ALT+F** को प्रेस करे
2. अब **open** पर क्लिक करे या इसका **shortcut keys Ctrl+O** को प्रेस करे

3. अब **open** का एक छोटा सा विंडो खुल जायेगा
4. उसमे अपना **save** किया हुआ डाक्यूमेंट्स चुने
5. अब **open** पर क्लिक करे
6. इतना करते ही वो फाइल **mspaint** में **open** हो जायेगा




## Save :---

- इस कमांड की सहायता से आप पहले से सेव की गए फाइल को एडिटिंग कर दुबारा उसी **name** से और उसी जगह पर तुरंत सेव कर सकते हैं
- यानि की आपको अगर दुसरे स्थान पर किसी एडिट किये गए डाक्यूमेंट्स को सेव नहीं करना है तो आप **save** कमांड्स का **use** कर सकते है |

1. अब कोई भी फाइल **open** कर उसमे एडिटिंग करे उसके बाद
2. **File menu** में जाये या इसका **shortcut keys** <u>**ALT+F**</u> को प्रेस करे
3. अब **save** पर क्लिक करे या इसका **shortcut keys** <u>**Ctrl+S**</u> को प्रेस करे
4. इतना करते ही वो फाइल सेव हो जायेगा

- अगर आपने **mspaint** को **open** किया है और कोई भी पहले से सेव किये गए फाइल को **open** न करके , अगर आप नया **drawing** बनाते है और तब आप सेव पर क्लिक करेंगे तो


1. आपसे **folder** चुनने को कहेगा
2. फिर नाम डालने को कहेगा
3. तब सेव पर क्लिक करे

## Save as :---

- इस कमांड की सहायता से आप पहले से सेव की गए फाइल को एडिटिंग कर किसी दुसरे **name** से आप उसे सेव कर सकते है
- इसके द्वारा आप नए फाइल को भी नए नाम से सेव कर सकते है

1. अब कोई भी फाइल **open** कर उसमे एडिटिंग करे या नया **drawing** बनाये
2. अब **File menu** में जाये या इसका **shortcut keys** **ALT+F** को प्रेस करे
3. अब **save as** पर क्लिक करे
4. अब आपसे **folder** को चुनने को कहा जायेगा ( आपका सेव किया हुआ एडिट फाइल हो या नया फाइल हो ) तो आप **folder** सेलेक्ट कर ले
5. अब **name type** करे
6. उसके बाद **save** पर क्लिक कर दे
7. इतना करते ही वो फाइल आपके लैपटॉप में सेव हो जायेगा

- इसमें आपको एक और फायदा मिलता है की जैसे ही आप **cursor** को **save as** के पास ले जायेंगे तो आपको उस फाइल को सेव करने के लिए पांच फॉर्मेट मिलते हैं , जो की निचे दिया गया है | आपको जैसा फॉर्मेट चाहिए उस पर क्लिक कर सेव करे





## Print :---

- ☞ इस कमांड की सहायता से आप **mspaint** में **open** किये हुए फाइल को **print** कर सकते है
- ☞ इसके लिए आपका लैपटॉप प्रिंटर से जुड़ा होना चाहिए

1. सबसे पहले **mspaint** में जो फाइल का प्रिंटआउट निकलना है उस फाइल को **open** कर ले
2. अब **File menu** में जाये या इसका **shortcut keys** **ALT+F** को प्रेस करे
3. अब **print** पर क्लिक करे या इसका **shortcut keys** **Ctrl+P** को प्रेस करे

4. अब आपके सामने **print** का एक छोटा सा विंडो खुल जायेगा उसमे आपको **select printer** में आपको अपना प्रिंटर चुनना है
5. उसके बाद **page range** में आपको पेज का **number** डालना है की आपको कौन कौन सा पेज **print** करना है
6. उसके बाद **number of copies** में कितने पेज **print** करना है उसका **number** डाल दे
7. उसके बाद **print** पर क्लिक कर दे
8. इतना करते ही आपके प्रिंटर से वो पेज प्रिंटआउट होकर निकल जायेगा

- आप जैसे ही अपने **cursor** को **print** के पास ले जायेगा यहाँ आपको तीन ऑप्शन देखने को मिलेगा





## Page setup

☞ इस कमांड का प्रयोग हम किसी फाइल का **print** निकालने से पहले उसका पेज साइज़ को सेट करने के लिए करते है

1. सबसे पहले **mspaint** में जो फाइल का **print** निकलना है उस फाइल को **open** कर ले
2. ध्यान दे **print** निकलने से पहले **page setup** और **print preview** जरुर कर ले
3. अब **File menu** में जाये या इसका **shortcut keys** **<u>ALT+F</u>** को प्रेस करे
4. अब **print के पास cursor को ले जाये**
5. अब यहाँ **page setup** सेलेक्ट करे
6. अब **paper size** select करे

7. उसके बाद **orientation** में आपको **portrait या landscape** को चुनना है
8. उसके बाद **margins** में **top ,bottom , left , right** में आपको अपने मर्जी अनुसार संख्या डालना है
9. अब **centering** में **horizontal या vertical** चुने
10. अब सबसे last स्टेप **scaling** में अपने मन अनुसार चुने
11. **ये सब आप करते करते preview (जो की बायीं ओर बगल में ही रहता है ) पर देख सकते है की मेरा पेज कैसा दिख रहा है**
12. इसके बाद **ok** पर क्लिक करे





## Print preview

- यहाँ आप पेज **setup** करने के बाद यह देख सकते है की मेरा पेज कैसा दिख रहा है , यानि की जिस तरह से वो दिखेगा उसी **design** में वो **print** होकर निकलेगा
- इसलिए **print** निकालने से पहले **page setup** कर ले उसके बाद **print preview** पर जाकर देख ले , तभी **print** निकाले

1. सबसे पहले **mspaint** में जो फाइल का **print** निकलना है उस फाइल को **open** कर ले
2. अब **page setup** कर ले
3. ध्यान दे **print** निकलने से पहले **page setup** और **print preview** जरुर कर ले

4. अब **File menu** में जाये या इसका **Shortcut keys <u>ALT+F</u>** को प्रेस करे
5. अब **Print के पास Cursor को ले जाये**
6. अब यहाँ **Print preview** पर क्लिक करे
7. इतना करते ही **print preview का menu** खुल जायेगा , जिसमे आपको पेज दिखाया जायेगा की आपका पेज कैसा दिख रहा है
8. उसके बाद **title bar** का **close** बटन पर क्लिक करे या **ribbon** में उपस्थित **close print preview** पर क्लिक करे




## From scanner or camera

यह कमांड तभी काम करता है जब आपका लैपटॉप कोई स्कैनर **device** से कनेक्ट हो या **usb cable** द्वारा कैमरा से तभी यह कमांड्स काम करता है
इसके द्वारा आप तुरंत खिची गयी फोटो को डायरेक्ट इस कमांड्स के द्वारा **mspaint** में ला सकते है और एडिट कर सकते हैं

1. **File menu** में जाये या इसका **shortcut keys <u>ALT+F</u>** को प्रेस करे
2. अब **from scanner or camera** को चुने
3. इसके बाद आपके कनेक्ट **device** का हर फोटो यहाँ दिखाई देगा , अपने मन अनुसार कोई फोटो चुने
4. इतना करते ही वो फोटो **mspaint** में आ जायेगा

## Send in Email

- इस कमांड की सहायता से आप **mspaint** में **open** किये हुए फाइल को डायरेक्ट किसी को **mail** कर सकते हैं
- इसको **use** करने के लिए आपके लैपटॉप में **mail** सॉफ्टवेयर डाउनलोड होना चाहिये

1. सबसे पहले **mspaint** में जो फाइल को **mail** करना है उस फाइल को **open** कर ले
2. अब **File menu** में जाये या इसका **shortcut keys** **<u>ALT+F</u>** को प्रेस करे
3. अब **send in email** पर क्लिक करे
4. अब अपने अनुसार सारा **form fill** कर **send** कर दे

- इस कमांड की सहायता से आप **mspaint** में बनाये गए **drawing** को डायरेक्ट अपने लैपटॉप या कंप्यूटर के स्क्रीन**(wallpaper)** पर लगा सके हैं |
- इसके पास **cursor** ले जाने पर आपको तीन ऑप्शन मिलते हैं

1. सबसे पहले **mspaint** में जो फाइल को लैपटॉप के स्क्रीन पर लगाना है उस फाइल को **open** कर ले या कोई नयी **drawing** बना ले
2. अब **File menu** में जाये या इसका **shortcut keys** **<u>ALT+F</u>** को प्रेस करे
3. अब **set as desktop background** के पास **cursor** ले जाये
4. यहाँ आपको **Fill , Tile , centre** तीन ऑप्शन मिलेंगे
5. इसमें से आप कोई पर क्लिक करे जो आपके लैपटॉप के स्क्रीन के साइज़ पर फिट हो जाये
6. इस तरह आपका **mspaint** में बनाया गया फाइल डायरेक्ट लैपटॉप के स्क्रीन पर लगा सकते हैं

## Properties

- इस कमांड की सहायता से आप **mspaint** में **open** या बनाये गए फाइल का **details** यानि **properties** जान सकते हैं
- यानि की उसका साइज़ , डायमेंशन **etc**

1. आपके **mspaint** में कोई भी **drawing** या फाइल **open** होनी चाहिए | अगर कुछ भी **drawing** या फाइल **open** नहीं है तो आपके **blank** पेज का ही **details** बता देगा
2. अब **File menu** में जाये या इसका **shortcut keys** **<u>ALT+F</u>** को प्रेस करे
3. अब **properties** पर क्लिक करे या इसका **shortcut keys** **<u>Ctrl+E</u>** को प्रेस करे
4. इतना करते ही आपका इमेज का **properties** बता देगा

## About Paint

- इस कमांड की सहायता से आप **mspaint** के बारे में पूरी जानकारी जान सकते है
- अगर आपको जानना है की यह सॉफ्टवेयर किसने बनाया , कब बना **etc** तो इस कमांड का प्रयोग करे

1. **File menu** में जाये या इसका **shortcut keys** **<u>ALT+F</u>** को प्रेस करे
2. अब **about paint** पर क्लिक करे

# Exit

- इस कमांड की सहायता से आप **mspaint** को **close** कर सकते हो

1. सबसे पहले **File menu** में जाये या इसका **shortcut keys <u>ALT+F</u>** को प्रेस करे
2. अब **exit** पर क्लिक करे या इसका **shortcut keys <u>Alt+F4</u>** को प्रेस करे
3. इतना करते ही **mspaint close** हो जायेगा

## ☞ What is The Shortcut Keys of file menu ?

| File menu command | Shortcut keys |
|---|---|
| New | Ctrl+N |
| Open | Ctrl+O |
| Save | Ctrl+S |
| Save as | No shortcut keys |
| Print | Ctrl+P |
| From Scanner or camera | No shortcut keys |
| Send in Email | No shortcut keys |
| Set as Desktop Background | No shortcut keys |
| Properties | Ctrl+E |
| About Paint | No shortcut keys |
| Exit | Alt+F4 |

**PROGRAM NAME** – **MS PAINT**


**EXECUTE NAME** – **PBRUSH**

**EXTENTION NAME** – **.Bmp ( bitmap )**

**PAGE NAME** – **Bitmap image**

# WORDPAD

**WordPad** एक **text-editor** है, जो **Notepad** से कुछ ज्यादा लेकिन **MS Word** से कुछ कम विशेषताओ के साथ डॉक्युमेंट बनाने में सहायक है. **WordPad Windows** के हर संस्करण मे सम्मिलित होता है. **WordPad** डॉक्युमेंट में कई तरह कि **formatting** की जा सकती है



**WordPad** की विंडो कुछ इस प्रकार की दिखाई देती है. ऊपर जो **WordPad** विंडो आप देख रहे है यह 'Windows 7' Operating System में दिखाई देती है, इसलिए हो सकता है आप जब अपने कम्प्युटर मे **WordPad** को **open** कर देखें तो आपको **WordPad** विंडो कुछ अलग दिखाई दे. इस बात से कोई ज्यादा फर्क नही पडता है हाँ ग्राफिक्स में तथा कुछ विशेषताओ का अंतर हो सकता है.

चलो आप भी अपने कम्प्युटर में **WordPad** को **Open** करें और मिलान कीजिए की इस **Tutorial** मे दिखाई गए **WordPad** विंडो से आपका विंडो कितना समान है. यदि आपको **WordPad open** करना नही आता है

## WordPad को कैसे Open करें

**WINDOW + R**

↓

**TYPE WORDPAD**


↓

**PRESS ENTER**

अब आपके सामने **WordPad** की विंडो है. आपने देखा होगा की यह विंडो कई भागों में विभाजित है. चलिए **WordPad** की विंडो के इन अलग-अलग भागों को क्रम से जानते है.

### WordPad Button

**WordPad Button WordPad** का एक प्रमुख भाग है. यह बटन **Menu/Tab Bar** में होता है. इस बटन में **WordPad** में बनने वाली फाईल के लिए कई विकल्प दिए होते है. इसमें आपको **WordPad Document** को **Save, Open, Print** आदि कार्य करने के लिए **Commands** दी होती है. इन्ही **Commands** के द्वारा **WordPad Documents** पर कार्य किया जाता है




## New

**WordPad** की **New Command** का उपयोग एक नया **Document** बनाने के लिए किया जाता है. जब आप **New** पर क्लिक करेंगे तो आपके सामने एक नया **WordPad Document** खुलकर सामने आ जाता है. जिसमे आप अपना कार्य कर सकते है. **New Command** की **Shorcut Ctrl+N** है.

## Open

**Open Command** का उपयोग **WordPad** में पहले से तैयार **Documents** को देखने के लिए किया जाता है. आप सिर्फ **WordPad Documents** को ही नही इसके अलाव आप **Notepad** और **MS Word** की कुछ **Files** को भी **Open** कर सकते है. आप **Open Command** को इसकी **Shorcut Ctrl+O** से भी उपयोग कर सकते है.

## Save

इसकी **Keyboard Shorcut Ctrl+S** है. **Save Command** का उपयोग **WordPad Documents** को **Save** करने के लिए किया जाता है.

## Save as

**Save as Command** के द्वारा आप पहले से **Save WordPad Document** को किसी अन्य **File Name** या **Document Format** में **Save** कर सकते है.

## Print

**Print Command** के द्वारा आप तैयार **WordPad Document** को **Print** कर सकते है. इसके अलावा आप **Print** करने से पहले **WordPad Document** को **Print Preview** के जरीए देख सकते है. अगर आपको कोई कमी लगे तो उसे आप **Print** करने से पह्ले ही ठीक कर

सकते है. आप **WordPad Document** को **Keyboard Shorcut Ctrl+P** से भी **Print** कर सकते है.

## Page setup

**Page Setup Command** का उपयोग **WordPad Document** के **Size, Margins**, **Orientation** आदि को **Set** करने के लिए किया जाता है.

## Send in e-mail

आप **WordPad Document** को इस **Command** के द्वारा **E-mail** के रूप में भेज सकते है. आप **Send in e-mail Command** के जरीए किसी भी **WordPad Document** को **Attachment** के रूप में भेज सकते है.

## About WordPad

इस **Command** के द्वारा आप **WordPad** के बारे में जान सकते है. जब आप इस **Command** पर क्लिक करेंगे तो आपके सामने **About WordPad Window** ख़ुल जाती है. जिसमे **WordPad Version, Copyright** आदि के बारे में जानकारी होती है.

## Exit

**Exit Command** के द्वारा आप **WordPad** से बाहर आ सकते है. जब आप इस **Command** पर क्लिक करते है तो **WordPad** बंद हो जाता है.

**PROGRAM NAME** - **WORD PAD**


**EXECUTE NAME** - **WORDPAD**

**EXTENTION NAME** - **. Rtf (rich text format)**

**PAGE NAME** - **RICH TEXT FORMAT**

# NOTEPAD

एक साधारण लेकिन उपयोगी **Text Editor Program** है जो माइक्रोसॉफ्ट विंडोज के हर संस्करण मे सम्मिलित होता है. नोटपेड यूजर्स को **Plain Text Files** खोलने, पढ़ने तथा बनाने में सहायता करता है. इस टेक्स्ट एडिटर में तैयार टेक्स्ट फाइल को **'.txt' Extension** के साथ सेव किया जाता है. नोटपेड को **Richard Brodie** ने बनाया था इस प्रोग्राम को आप विंडॉज पीसी में मुफ्त उपलब्ध करवाया जाता है. शुरुआत से लेकर अब तक नोटपेड में ज्यादा बदलाव भी नहीं आया है. आप **Windows XP, Windows 7** तथा **Windows 10** में इसकी बनावट, रुप-रंग, फंक्शन सभी समान ही पाते हैं विंडोज के अलग-अलग संस्करण के कारण केवल इस प्रोग्राम को ओपन करने का तरीका बदल सकता है और एकाध नए फीचर जोड़ने के साथ पुराने अपडेट किए गए है **Notepad** विंडो को कई भागों में बांटा गया है. जिन्हे आप नीचे स्क्रीनशॉट में भी देख सकते है आइए नोटपेड विंडो के प्रत्येक भाग को क्रम से जानते है.



## Title Bar

- **Title Bar** नोटपेड विंडो का सबसे ऊपरी भाग है. इस बार पर नोटपेड मे बनाई गई फाइल के नाम को दिखाया जाता है.
- जब तक फाइल को सेव नही किया जाएगा फाइल का नाम नही दिखाया जाता है और वहां **"Untitled"** लिखा होता है. जैसे ही हम फाइल को किसी नाम से सेव करते है तब **"Untitled"** के स्थान पर फाइल नाम दिखाया जाता है
- टाइटल बार के दाएं कोने में तीन बटन होते है. इन तीन बटन में पहला बटन **"Minimize"** होता है. जिस पर क्लिक करने से **Open Program <u>Taskbar</u>** में आ जाता है. दूसरा बटन **"Maximize or Restore Down"** होता है. यह बटन विंडो की **Width** यानि चौड़ाई को कम-ज्यादा करने का कार्य करता है. और तीसरा बटन **"Close Button"** है जो प्रोग्राम को बंद करने का कार्य करता है.

## Menu Bar

- **Menu Bar** नोटपेड विंडो का दूसरा भाग है जो **Title Bar** के बिल्कुल नीचे होती है. इस बार मे कई विकल्प होते है जो नोटपेड में फाइल बनाते समय काम में लिए जाते है
- इस बार का नोटपेड में बहुत अहमियत होती है. क्योंकि सारी **Editing Tools** इसी बार में होते है, जिन्हें आप **Menu** कहते है. इसलिए यह बार बहुत उपयोगी है

## Status Bar

- **Status Bar** नोटपेड विंडो का एक और भाग है जो **Text Area** के बिल्कुल ऊपर होती है. यह बार माउस कर्सर की स्थिति को दिखाती है
- इस बार कि सहायता से कर्सर की स्थिति को आसानी से जाना जा सकता है. आप चाहे तो इस बार को छिपा **(Hide)** भी सकते है. और जब आप चाहे इसे दिखा **(Unhide)** सकते है

## Text Area

**Text area** नोटपेड का सबसे महत्वपूर्ण भाग है. और यह नोटपेड विंडो का सबसे बडा तथा मध्य भाग होता है. इसी क्षेत्र मे **Tex**t को लिखा जाता है. नोटपेड में तैयार किए जाने वाले सभी डॉक्युमेंट्स के शब्दों को इसी **Area** में लिखा जाता है.

| | | |
|---|---|---|
| **PROGRAM NAME** | - | Note pad |
| **EXECUTE NAME** | - | Notepad |
| **EXTENTION NAME** | - | .Txt |
| **PAGE NAME** | - | Text fil |